# बिहार सरकार
## खान एवं भूतत्व विभाग
### अधिसूचना

दिनांक: 24-03-2026

संoसंo:-प्र0-I-रा0(नि0)-01/2026-2127 बिहार लोक सेवा आयोग के पत्रांक 09/लो0से0आ0/गो0, दिनांक 22.01.2026 के द्वारा विज्ञापन संख्या-36/2025 के अन्तर्गत बिहार खान एवं भूतत्व सेवा के मूल कोटि के खनिज विकास पदाधिकारी के पद पर अनुशंसित निम्नलिखित अभ्यर्थियों को अधोलिखित शर्तों के अधीन पुनरीक्षित-लेवल 9 में समय-समय पर राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत जीवन यापन भत्ता एवं अन्य देय भत्तों के साथ परीक्ष्यमान खनिज विकास पदाधिकारी के रूप में पूर्णतः औपबंधिक रूप से नियुक्त किया जाता है:-

| क्र0 स0 | मेधा क्रमांक | अनुक्रमांक | अभ्यर्थी का नाम | पिता का नाम | जन्म तिथि | स्थायी पता | आरक्षण कोटि | अनुशंसित कोटि | अभ्यर्थी का फोटोग्राफ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 1 | 360160 | श्री मृत्युंजय कुमार | श्री सुबोध कुमार मंडल | 05-07-1995 | ग्राम-केलाबाड़ी, पो0-चौसा, थाना-चौसा, जिला-मधेपुरा, बिहार, पिन-852213 | पिछड़ा वर्ग | अनारक्षित |  |
| 2 | 2 | 360832 | श्री ऋषव कुमार | श्री सुनील कुमार सिंह | 27-11-1996 | ग्राम-पोखरपुर, पो0-पावापुरी, थाना-गिरियक, जिला-नालंदा, बिहार, पिन-803115 | पिछड़ा वर्ग | अनारक्षित |  |
| 3 | 3 | 360469 | श्री गोपाल कुमार सिंह | श्री रणविजय सिंह | 21-02-1995 | ग्राम-दनवार, पो0-दनवार, डेहरी ऑन-सोन, जिला-रोहतास, बिहार, पिन-821309 | अनारक्षित | अनारक्षित |  |
| 4 | 4 | 360337 | श्री अंकित कुमार | श्री अजय कुमार | 05-11-2001 | ग्राम-ददरेजी, पो0-कोंच, थाना-कोंच, जिला-गया, बिहार, पिन-824207 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग |  |
| 5 | 5 | 361233 | श्री अम्बिक कुमार | श्री अशोक कुमार | 03-12-1994 | चौधरी टोला, न्यू कॉलोनी, पो0-महेन्द्रु, थाना-सुलतानगंज, जिला-पटना, बिहार, पिन-800006 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग |  |
| 6 | 6 | 360675 | श्री मनीष कुमार | श्री रविशंकर प्रसाद | 02-01-1997 | ग्राम-मनियावां, पो0-दीपनगर, थाना-नालंदा, जिला-नालंदा, बिहार, पिन-803111 | पिछड़ा वर्ग | पिछड़ा वर्ग |  |

| क्र0 स0 | मेधा क्रमांक | अनुक्रमांक | अभ्यर्थी का नाम | पिता का नाम | जन्म तिथि | स्थायी पता | आरक्षण कोटि | अनुशंसित कोटि | अभ्यर्थी का फोटोग्राफ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 7 | 7 | 361245 | श्रीमती ऋचा | श्री शंकर कुमार सिंह | 01-01-1993 | ग्राम-सरायनुरनगर, पो0-नैपुर, थाना-बछवाड़ा, जिला-बेगूसराय, बिहार, पिन-851128 | अनारक्षित | अनारक्षित (महिला) |  |
| 8 | 10 | 360716 | श्री सौरभ कुमार | श्री अजित कुमार सिंह | 05-02-2003 | ग्राम-कुसरे मठिया, वार्ड सं0-14, पो0-नरगा, थाना-करपी, जिला-अरवल, बिहार, पिन-804419 | पिछड़ा वर्ग | पिछड़ा वर्ग |  |
| 9 | 14 | 360603 | श्री अभय कुमार | श्री छोटेलाल प्रसाद | 30-12-1996 | मौजे माई स्थान, वार्ड सं0-15, पो0+थाना-रक्सौल, जिला-पूर्वी चम्पारण, बिहार, पिन-845305 | अत्यंत पिछड़ा वर्ग | अत्यंत पिछड़ा वर्ग |  |
| 10 | 17 | 360115 | श्री जय शंकर प्रसाद | श्री ज्ञानचन्द्र सिंह | 02-11-1986 | सुल्तान पोखर (पश्चिम), वार्ड सं0-04, पो0+थाना-फारबिसगंज, जिला-अररिया, बिहार, पिन-854318 | अत्यंत पिछड़ा वर्ग | अत्यंत पिछड़ा वर्ग |  |
| 11 | 22 | 360897 | सुश्री रश्मि बाला | श्री शंकर शर्मा | 26-03-1997 | ग्राम-गोपालपुर, पो0-निरंजनपुर, थाना-मेहन्दिया, जिला-अरवल, बिहार, पिन-804428 | अत्यंत पिछड़ा वर्ग | अनारक्षित (महिला) |  |
| 12 | 23 | 360584 | श्री कुमार रबी शंकर | श्री अमरेन्द्र कुमार | 24-11-1998 | ग्राम-अमनी, पो0-अमनी, थाना-मानसी, जिला-खगड़िया, बिहार, पिन-851214 | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जाति |  |
| 13 | 25 | 360191 | सुश्री अंजलि आत्रेई | श्री प्रमोद कुमार | 28-12-1999 | न्यू एतवारपुर, नियर आरा मशीन, पो0-कुरथौल, थाना-परसा बाजार, जिला-पटना, बिहार, पिन-804453 | पिछड़ा वर्ग | अनारक्षित (महिला) |  |

| क्र0 स0 | मेधा क्रमांक | अनुक्रमांक | अभ्यर्थी का नाम | पिता का नाम | जन्म तिथि | स्थायी पता | आरक्षण कोटि | अनुशंसित कोटि | अभ्यर्थी का फोटोग्राफ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 14 | 26 | 360736 | श्री समीर सावर्ण | श्री राम शंकर राय | 30-11-1996 | वार्ड सं0-07, ग्राम-दिघरा, पो0-दिघरा, जिला-समस्तीपुर, बिहार, पिन-848115 | अनारक्षित | अनारक्षित(FFD) |  |

2. यह नियुक्ति पत्र बिहार खान एवं भूतत्व सेवा नियमावली, 2008 के तहत निर्गत किया जा रहा है।
3. बिहार खान एवं भूतत्व सेवा नियमावली, 2008 के तहत सेवा सम्पुष्टि/वेतन वृद्धि/प्रोन्नति एवं अन्य नियम प्रवृत्त होंगे।
4. यह नियुक्ति अभ्यर्थियों द्वारा समर्पित शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों/अभिलेखों एवं अन्य संगत प्रमाण पत्रों को प्रथम दृष्टया सही मानकर इस शर्त के साथ की जा रही है कि भविष्य में शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों एवं अन्य संगत प्रमाण पत्रों/अभिलेखों के सत्यापन के क्रम में गलत सूचना पाये जाने की स्थिति में सेवा कभी भी बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त कर विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।
5. यह नियुक्ति अभ्यर्थियों के द्वारा समर्पित शपथ पत्र (अनुमंडल दण्डाधिकारी/कार्यपालक दण्डाधिकारी द्वारा निर्गत) तथा चरित्र एवं पूर्ववृत सत्यापन में अंकित सूचनाओं को प्रथम दृष्टया सही मानकर एवं पुलिस सत्यापन प्रतिवेदन अनुकूल प्राप्त होने की प्रत्याशा में की जा रही है। सत्यापन के क्रम में प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त होने पर उनकी सेवा बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त कर दी जायेगी।
6. बिहार पेंशन(संशोधन) नियमावली-2005 द्वारा प्रतिपादित वित्त विभाग के संकल्प संख्या-1964 दिनांक-31.08.2005 एवं संकल्प संख्या-768 दिनांक-03.07.07 के अनुसार नई अंशदायी पेंशन योजना एवं सरकार द्वारा समय-समय पर इस संबंध में प्रवृत्त निदेश लागू होंगे।
7. आपकी वरीयता का निर्धारण बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा प्रकाशित परीक्षाफल में निर्धारित (मेधा सूची) योग्यताक्रम के अनुसार होगा।
8. पदस्थापन की अधिसूचना अलग से निर्गत की जाएगी। आपको बतौर खनिज विकास पदाधिकारी के पद पर संबंधित जिला खनन कार्यालय में निर्धारित तिथि को प्रभार ग्रहण/योगदान सुनिश्चित करना है।
9. नियुक्ति पत्र में अंकित QR Code से आपके फोटो एवं हस्ताक्षर का मिलान होने के पश्चात् आपका प्रभार ग्रहण/योगदान स्वीकृत करने के संबंध में अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सकेगी।
10. औपबंधिक नियुक्ति पत्र निर्गत होने की तिथि के पश्चात् तथा प्रभार ग्रहण/योगदान के पूर्व विरमन पत्र सक्षम प्राधिकार से प्राप्त कर प्रभार ग्रहण/योगदान के समय समर्पित किया जाना अनिवार्य है।
11. नियुक्ति पत्र में अंकित निर्धारित तिथि को प्रभार ग्रहण/योगदान नहीं करने की स्थिति में आपकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी।
12. बिहार खान एवं भूतत्व सेवा नियमावली, 2008 के तहत प्रभार ग्रहण/योगदान की तिथि से आपकी परिवीक्षा अवधि प्रारंभ होगी।
13. खनिज विकास पदाधिकारी के नियंत्री पदाधिकारी संबंधित जिला के समाहर्ता होंगे।
14. राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत वेतनमान लेवल-9 एवं अन्य देय भत्ता अनुमान्य होगा।
15. परिवीक्षा अवधि में निर्धारित सभी प्रशिक्षण करना अनिवार्य होगा।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

24/03/26

(भारत भूषण प्रसाद)
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः-प्र0-I-रा0(नि0)-01/2026-2127 एम0, पटना, दिनांक 24-03-2026

प्रतिलिपिः-ई-गजट कोषांग (वित्त विभाग), बिहार, पटना को सी0डी0 के साथ बिहार राजपत्र के आगामी अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

अनुरोध है कि इसकी 50 (पचास) मुद्रित अतिरिक्त प्रतियाँ खान एवं भूतत्व विभाग, बिहार, पटना को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

24/03/26

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः-प्र0-I-रा0(नि0)-01/2026-2127 एम0, पटना, दिनांक 24-03-2026

प्रतिलिपिः-महालेखाकार, बिहार/वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/03/26

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः-प्र0-I-रा0(नि0)-01/2026-2127 एम0, पटना, दिनांक 24-03-2026

प्रतिलिपिः-सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/सभी विभागाध्यक्ष/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/03/26

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः-प्र0-I-रा0(नि0)-01/2026-2127 एम0, पटना, दिनांक 24-03-2026

प्रतिलिपिः-सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/03/26

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः-प्र0-I-रा0(नि0)-01/2026-2127 एम0, पटना, दिनांक 24-03-2026

प्रतिलिपिः-सभी उप निदेशक/सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/03/26

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः-प्र0-I-रा0(नि0)-01/2026-2127 एम0, पटना, दिनांक 24-03-2026

प्रतिलिपिः-माननीय उप मुख्य (खान एवं भूतत्व) मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव/निदेशक कोषांग/अपर सचिव कोषांग/आई0टी0 मैनेजर, खान एवं भूतत्व विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/03/26

सरकार के अपर सचिव